# ANNUAL REPORT
# 2013-2014

CARA

## Central Adoption Resource Authority

**Ministry of Women & Child Development**

**Government of India**

**Website : www.adoptionindia.nic.in**

# वार्षिक प्रतिवेदन
## 2013-2014



CARA

**केन्द्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण**

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार**

पश्चिमी खण्ड-8, विंग-2, द्वितीय तल, आर.के. पुरम.
नई दिल्ली-110066

# वार्षिक प्रतिवेदन

## (2013-2014)

## विषय सूची


| क्र. सं. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| | माननीय मंत्री (डब्लु.सी.डी.) का संदेश | v |
| | सदस्य सचिव, कारा की कलम से | vii |
| 1. | कारा एवं संबद्ध अभिकरण | 1 |
| 2. | प्रमुख उपलब्धियां | 3 |
| | क. ई-गवर्नेंस पहल | 3 |
| | ख. समर्थन एवं सरकारी संबंध | 6 |
| | ग. निरीक्षण और मॉनीटरी | 6 |
| | घ. विशेष जरूरतों वाले बच्चों का पुनर्वास | 7 |
| | ड. प्रशिक्षण और विकास | 8 |
| | च. मीडिया | 13 |
| | छ. आंकड़ा आधार | 13 |
| 3. | आगे की राह | 15 |
| 4. | वित्तीय विवरण | 24 |

**अनुलग्नक**

| | | |
|---|---|---|
| क. | दत्तक-ग्रहण अभिकरणों की राज्य-वार सूची | 17 |
| ख. | वर्ष 2013-14 के दौरान केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा किए गए निरीक्षण | 19 |
| ग. | वर्ष 2013-14 के दौरान केयरिंग्स पर आयोजित राज्य अभिविन्यास कार्यक्रमों और व्यवहारिक प्रशिक्षणों की सूची | 21 |
| घ. | दत्तक-ग्रहण के राज्य-वार आंकड़े | 23 |

मैंने हमेशा यह माना है कि पूरे समाज की तरह व्यक्तियों के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन बहुत कम समय में होते हैं। जब हम शायद ही उम्मीद कर रहे होते हैं, तभी जीवन हमारे साहस और परिवर्तन की चाह को परखने के लिए कोई चुनौती खड़ा कर देता है, और ऐसे समय पर, हम यह ढोंग नहीं कर सकते कि कुछ भी नहीं हुआ है अथवा यह नहीं कह सकते कि हम अभी तैयार नहीं हैं। चुनौती इंतजार नहीं करेगी। जीवन पीछे मुड़कर नहीं देखता है। यह निर्णय लेने के लिए एक सप्ताह का समय बहुत अधिक होता है कि हम अपने भाग्य को स्वीकार करें या न करें।

(पॉलो कोइल्हो, ब्राजीलियन लेखक)

मेनका संजय गांधी
Maneka Sanjay Gandhi

मंत्री
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली-110001

MINISTER
MINISTRY OF WOMEN & CHILD DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI-110001

## सन्देश

अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बच्चों के संबंध में बाल कल्याण के लक्ष्य उन्हें सुरक्षा, पारिवारिक संरक्षण (जैविक माता-पिता को प्रत्यावर्तन और पारिवारिक सुदृढ़ता) प्रदान करना और विभिन्न गैर-संस्थागत सेवाओं के माध्यम से उनका पुनर्वास करना हैं। सरकार ने कारा की स्थापना देश में विभिन्न संबद्ध अभिकरणों की सहायता से अनाथ और निरश्रित बालकों के दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने वाले नोडल निकाय के रूप में कार्य करने के लिए की है।

मुझे कारा की वर्ष 2013-14 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

दत्तक ग्रहण दत्तक बालक और दत्तक परिवार दोनों के जीवन में आमूल-चूल बदलाव लाता है। बालकों का दत्तक ग्रहण सभी स्तरों पर समयबद्ध प्रक्रिया द्वारा निर्देशित होना चाहिए ताकि दत्तक ग्रहण योग्य सभी बच्चों को दत्तक परिवार मिल जाएं और ऐसे बच्चों को लंबे समय तक संस्थाओं में न रहना पड़े।

दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में कुछ खामियां पाई गई हैं, जिनमें विशेषकर पक्षकारों द्वारा प्रक्रिया संबंधी विलंब शामिल है। यह भी देखा गया है कि अनेक बच्चे विभिन्न कारणों से दत्तक ग्रहण अभिकरणों तक पहुंच ही नहीं पाते हैं।

मैं कारा की देश में दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को सरल बनाने और दत्तक ग्रहण व्यवस्था में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए बालक दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) नामक सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग को कार्यान्वित करने के प्रयासों की सराहना करती हूँ। मैं कारा से कहना चाहूँगी कि वे देश में राज्य सरकारों और संबंद्ध अभिकरणों एवं बाल देखरेख संस्थाओं की सहायता से हर अनाथ बच्चे को दस्तक ग्रहण सेवाएं उपलब्ध कराएं।

विशेष जरूरतों वाले बच्चों का पुनर्वास एक चुनौती है और कारा को ऐसे बच्चों का दत्तक ग्रहण उन्हें प्यार देने और उनकी देखरेख करने वाले परिवारों में कराकर उनके पुनर्वास के पर्याप्त प्रयास करने चाहिए।

मुझे विश्वास है कि कारा और इससे संबंद्ध अभिकरण अनाथ बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए और अधिक उत्साह से निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

Maneka Sanjay Gandhi
(श्रीमती मेनका संजय गांधी)

आफिस : 'ए' विंग, शास्त्री भवन, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली-110001, फोन : 23074052-54, फैक्स : 23387384
निवास : 14, अशोका रोड, नई दिल्ली-110001, फोन : 23357088, फैक्स : 23354321

# सदस्य सचिव, कारा की डेस्क से

परिवार हमें अपनेपन की भावना देता है और हमें आजीवन संबंध प्रदान करता है। इस बात का कोई फर्क नहीं पड़ता कि बाल देखरेख संसाधन कितना भी सुसंसाधित क्यों न हो, एक संस्थागत जीवन स्नेही परिवार की देखरेख का स्थान कभी नहीं ले सकता। संस्थाओं में आ रहे अधिकांश बच्चों की अभिघातज पृष्ठभूमि होती है। यहां तक कि शिशु भी अत्यधिक पीड़ित होते हैं।

2. प्रत्येक बच्चे का परिवार का अधिकार महत्वपूर्ण होता है। प्यार, देखरेख और सहायता जो परिवार अपने बच्चों को देता है, की तुलना किसी भी संस्थागत देखरेख से नहीं की जा सकती है क्योंकि केवल माता-पिता ही अपने बच्चों पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दे सकते हैं। दत्तक ग्रहण बच्चे हेतु सही माता-पिता तलाशने का एक माध्यम है और अन्य कोई साधन नहीं। दत्तक ग्रहण एक ऐसे बच्चे के पुनर्वास के सर्वोत्तम साधनों में से एक है जो परिवार विहीन है और यह बच्चे के कल्याण, उसकी सामान्य वृद्धि एवं विकास पर अभिप्रेत है।

3. अधिक आयु के बच्चे, सहोदर, चिकित्सीय देखरेख के जरूरतमंद बच्चे और कार्यात्मक दुर्बलता वाले बच्चे होते हैं जो या तो अनाथ, अभ्यर्पित या परित्यक्त होते हैं। यह सच है कि बच्चे का बौद्धिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास परिवार की देखरेख और पालन-पोषण पर निर्भर होता है। और जब बच्चों का पालन-पोषण स्नेही और समर्थक पारिवारिक वातावरण में होता है, उनमें आत्म-विश्वास एवं आत्म-सम्मान, जिज्ञासा तथा सीखने की लालसा के उच्च्य स्तर प्रकट होने की संभावना होती है। दत्तक ग्रहण को सामान्यतः निराश्रित, परित्यक्त, अनाथ एवं त्यागे गए बच्चों के पुनर्वास के आदर्श साधन के रूप में स्वीकार किया जाता है क्योंकि यह बच्चे को अति आवश्यक पैतृक प्यार, देखरेख एवं संरक्षण का पारिवारिक परिवेश प्रदान करने की कोशिश करता है।

4. दत्तक ग्रहण, चाहे वह घरेलू को अथवा अंतरराष्ट्रीय, सामान्यतः बच्चों के हितों को राज्य प्रायोजित देखरेख, चाहे वह पालन-पोषण देखरेख हो अथवा संस्थानीकरण, के किसी भी रूप से बेहतर पूरा करता है, यद्यपि इस सामान्य नियम के हमेशा अपवाद होंगे। हमारे देश के नागरिक अभी भी वैधानिक दत्तक ग्रहण प्रक्रिया से पूर्णरूप से परिचित नहीं हैं। इसे अभी भी जटिल एवं पेचीदा प्रक्रिया माना जाता है। देश में दत्तक ग्रहण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, कारा दत्तक ग्रहण तथा गैर-संस्थागत देखरेख पर राज्य अभिविन्यास कार्यक्रमों, अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तरीय बैठकें, केयरिंग्स पर प्रशिक्षण, न्यायापालिका के साथ परामर्श, दत्तक एवं भावी दत्तक अभिवावकों का सम्मेलन और देश में दत्तक ग्रहण और गैर-संस्थागत देखरेख को बढ़ावा देने के अन्य समर्थन कार्यक्रमों सहित विभिन्न प्रशिक्षण एवं विकास कार्यक्रमों के आयोजन जैसी अनेक पहलें कर रहा है।

5. हाल ही में, भारत में दत्तक ग्रहण के बारे में व्यवहारगत परिवर्तन आया है। लोगों ने दत्तक ग्रहण को स्वीकार करने में न केवल उदारता दिखाई है, अपितु वे बालिकाओं और अधिक आयु के बच्चों के दत्तक ग्रहण के भी इच्छुक होते हैं। तथापि, बच्चों को एक ऐसा बड़ा वर्ग है जिसे अभिभावक नहीं मिलते हैं और उन्हें अपना पूरा बचपन संस्थाओं में बिताने के लिए बाध्य होना पड़ता है। विशिष्ट जरूरतों वाले भी अनेक बच्चे होते हैं। अधिकांश मामलों में, ऐसे बच्चों को देश में परिवार नहीं मिलता है और उनमें से कुछ ही बच्चों का अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण हो पाता है। इसलिए, हमें अपनी परंपरागत सोच को चुनौती देने और विशिष्ट जरूरतों वाले बच्चों को भी दत्तक ग्रहण करने की जरूरत है।

6. कारा ने राज्यों से आरआईपीए में से मान्यता दी जाने वाली संभाव्य एसएए को अभिनिर्धारित करने के लिए कहा है। यद्यपि, दत्तक ग्रहण मार्गदर्शी सिद्धांतों और केयरिंग्स ने ऐसे बच्चों के पुनर्वास हेतु दत्तक ग्रहण अभिकरणों के बीच संपर्क को सुगम बना दिया है, राज्य सरकारों को इस संबंध में अहम भूमिका निभानी होती है। कारा प्रत्येक दत्तक ग्रहण अभिकरण को कई बाल देखरेख संस्थाओं से जोड़ने की प्रक्रिया में है ताकि परिवार के जरूरतमंद प्रत्येक बच्चे तक पहुंचा जा सके।

7. इसके साथ ही, कारा देश में अनाधिकृत दत्तक ग्रहण को रोकने के लिए उत्कृष्ट उपाय कर रहा है। दत्तक ग्रहण के सामने सबसे बड़ी चुनौती गैर-कानूनी / अप्राधिकृत दत्तक ग्रहण है। विभिन्न संस्थाएं जैसे कि गैर-पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाएं अथवा अस्पताल अथवा नर्सिंग होम गैर-कानूनी / अप्राधिकृत दत्तक ग्रहण में लिप्त हैं जिन्हें नियंत्रित करने की जरूरत है।

8. केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) द्वारा बालक दत्तक ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शी प्रणाली (केयरिंग्स) नामक ऑन लाइन पोर्टल, जो दत्तक ग्रहण प्रणाली में अधिक पारिदर्शिता लाने के लिए शुरू किया गया एक प्रबोधन साधन है, की शुरूआत के साथ दत्तक ग्रहण प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है। अब प्रत्येक भावी अभिभावक को केवल एक विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएसए) अथवा मान्यताप्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण (आरआईपीए) के साथ पंजीकरण कराना अनिवार्य है और यह पंजीकरण www.adoptionindia.nic.in पर ऑनलाइन किया जा सकता है।

9. कारा सभी पक्षकारों की भागीदारी का स्वागत करता है और उनसे 27 जून, 2011 को भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 'मार्गदर्शी सिद्धांत, 2011' का निष्ठापूर्वक अनुपालन करने का अनुरोध करता है।

हस्ता./-

**सदस्य सचिव, कारा**

# परिवर्णी शब्द

| | | |
|---|---|---|
| एएफएए | : | अधिकृत विदेशी दत्तक-ग्रहण अभिकरण |
| सीए | : | केन्द्रीय प्राधिकरण (अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण के संबंध में हेग कन्वेशन के अधीन केंन्द्रीय प्राधिकरण के रूप में नामोदिष्टित सरकारी विभाग) |
| सीएआरए | : | केन्द्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण |
| आरआईपीए | : | मान्यताप्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण |
| एसएए | : | विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण |
| पीएपी | : | भावी दत्तक माता-पिता |
| सीएआरआई एनजीएस | : | बालक दत्तक-ग्रहण संसाधन सूचना और मार्गदर्शन प्रणाली |
| आईईसी | : | सूचना, शिक्षा और संप्रेषण |
| आईसीटी | : | सूचना और संचार प्राद्योगिकी |
| एमआईएस | : | प्रबंधन सूचना प्रणाली |
| सीडब्लूसी | : | बाल कल्याण समिति |
| एआरसी | : | दत्तक-ग्रहण अनुशंसा समिति |
| आईसीपीएस | : | समेकित बाल संरक्षण स्कीम |
| जे.जे. एक्ट | : | किशोर न्याय अधिनियम |
| यूटी | : | संघ राज्य क्षेत्र |
| एनओसी | : | अनापत्ति प्रमाण पत्र |

**अध्याय : 1**

## केन्द्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण और संबद्ध अभिकरण

**1.1 केन्द्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) :** केन्द्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय है। यह भारतीय बच्चों के दत्तक-ग्रहण हेतु नोडल निकाय के रूप में कार्य करता है और इसे देश के भीतर तथा अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण की मॉनीटरी एवं विनियम करने का अधिदेश प्राप्त है। कारा वर्ष 2003 में भारत सरकार द्वारा अनुसमर्थित अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण संबंधी हेग कन्वेशन के उपबंधों के अनुसार अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण पर कार्रवाई करने के लिए केंद्रीय प्राधिकरण के रूप में नामोदेष्टित है। कारा मुख्यतः अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यर्पित बच्चों का दत्तक-ग्रहण संबंधी कार्रवाई अपने संबद्ध/मान्यता प्राप्त दत्तक-ग्रहण अभिकरणों के माध्यम से करता है।

इस स्वायत्त निकाय का पंजीकरण सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के तहत कराया गया था तथा इसका अभिशासन इसके संघ के ज्ञापन एवं सेवा उप नियमों और यथा प्रयोज्य सरकार के अन्य नियमों द्वारा होता है। इसकी एक प्रबंधन समिति है जिसमें सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्य शामिल हैं। इस समय, इसके संस्वीकृत कर्मचारियों की संख्या 27 है।

कारा का विज़न देश में प्रत्येक अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यर्पित बच्चे के लिए पालन-पोषण एवं देखरेख करने वाले परिवार की तलाश करना है। इसका मिशन देश के प्रत्येक कोने में दत्तक-ग्रहण सेवाओं का विस्तार करना, दत्तक-ग्रहण के माध्यम से बच्चों के शीघ्र पुनर्वास के प्रयास करना, दत्तक-ग्रहण अभिकरणों के कार्यकरण में मानकीकरण सुनिश्चित करना, दत्तक-ग्रहण में नैतिक प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना और दत्तक-ग्रहण के इच्छुक माता-पिता को सुविधाएं प्रदान करना है। कारा का मुख्य उद्देश्य यथासंभव अधिक से अधिक ऐसे भारतीय बच्चों के दत्तक-ग्रहण को, जो दत्तक-ग्रहण से लाभान्वित होंगे, सुकर बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि भावी दत्तक माता-पिता को अनावश्यक दुःसह अपेक्षाओं को सहन किए बिना, अनुचित विलंब और अवैध मांग के बिना दत्तक-ग्रहण हेतु दत्तक-ग्रहण योग्य बच्चे उपलब्ध रहें। कारा से दत्तक-ग्रहण हेतु पात्र बच्चों के बारे में सूचनाओं के लिए निकासी गृह के रूप में कार्य करना; जन जागरूकता अभियान विकसित करना; अनुसंधान एवं मूल्यांकन करना; अन्य केन्द्रीय प्राधिकरणों तथा विदेशी मिशनों से संपर्क करना और दत्तक-ग्रहण किए गए बच्चों का दत्तक-ग्रहण पश्च अनुवर्तन एवं देखरेख सुनिश्चित करना अपेक्षित है। कारा माता-पिता की देखरेख के बिना रह रहे बालकों का वैकल्पिक परिवारों में त्वरित स्थापन करने का समर्थन करता है। अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद भी, दत्तक-ग्रहण प्रणाली में दोनों स्तरों, दत्तक-ग्रहण पूर्व स्तर तथा दत्तक-ग्रहण के दौरान विलंब होता है।

**1.2 राज्य दत्तक-ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा) :** 'बालकों के दत्तक-ग्रहण के अभिशासी दिशानिर्देश - 2011' के अनुसार, प्रत्येक राज्य सरकार से राज्य में कारा के साथ समन्वय से दत्तक-ग्रहण के कार्य तथा गैर-संस्थागत देखरेख के कार्य का समन्वय करने, उसकी मॉनीटरी करने तथा उन्हें विकसित करने के लिए राज्य में नोडल निकाय के रूप में कार्य करने के लिए राज्य दत्तक-ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा) की स्थापना करना अपेक्षित है। जहां तक देश के भीतर दत्तक-ग्रहण को बढ़ावा देने का संबंध है, इसे यह सुनिश्चित करना होता है कि प्रवेश दिए गए सभी बच्चों एवं भावी दत्तक माता-पिता के पंजीकरण सहित सभी दत्तक ग्रहणों पर कार्रवाई कयरिंग्स में ऑनलाइन की जाए और इसे जागरूकता के प्रयास करने होते हैं एवं सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण अभियान चलाने होते हैं। विनियामक निकाय के रूप में इसे कारा के दिशानिर्देशों में यथा उपबंधित दत्तक-ग्रहण अभिकरणों के कार्यकलापों का मूल्यांकन करने के लिए निरीक्षण करने होते हैं। इसके अलावा,

इसे मान्यता प्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण तथा विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण के बीच संपर्कों की मॉनीटरी करनी होती है जबकि इसे ऐसे सभी बच्चों के, जो माता-पिता की देखरेख के बिना रह रहे हैं, असंस्थानीकरण के लिए बाल देखरेख संस्था और मान्यता प्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण/विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण के बीच संपर्कों को बढ़ावा देना होता है।

अभी तक, 22 राज्य अपने संबंधित राज्यों में दत्तक-ग्रहण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए राज्य दत्तक-ग्रहण संसाधन अभिकरण पहले से ही गठित कर चुके हैं। इसे जमीनी स्तर पर स्थिति का मूल्यांकन करने और विभिन्न स्तरों पर विलंब को रोकने के लिए जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू) के साथ समन्वय करना होता है।

**1.3 विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण (एसएए)/मान्यता प्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण (आरआईपीए) :** दत्तक-ग्रहण में अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यर्पित बच्चों के स्थापन को सुकर बनाने के उद्देश्य से, किशोर न्याय अधिनिय, 2000 देश के भीतर दत्तक-ग्रहण में बच्चों के स्थापन के लिए विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण (एसएए) के रूप में प्रत्येक जिले में अपनी एक या एक से अधिक देखरेख संस्थाओं अथवा स्वैच्छिक संगठनों को मान्यता प्रदान करने का राज्य सरकार को अधिकार देता है। प्रत्येक विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण की दत्तक-ग्रहण किए जाने वाले बच्चों, जैविक माता/माता-पिता और भावी दत्तक माता-पिता (पीएपी) के लिए विशिष्ट भूमिका होती है। विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरणों को सामान्यतः समेकित बाल संरक्षण स्कीम (आईसीपीएस) के अंतर्गत अनुदान दिया जाता है जो सरकार-सिविल समाज की भागीदारी के माध्यम से कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों के साथ-साथ अन्य संवेदनशील बच्चों के लिए संरक्षणात्मक वातावरण बनाने पर उद्देशित एक केंद्रीय प्रायोजित स्कीम है।

बच्चों के दत्तक-ग्रहण में स्थापन के लिए राज्य स्तर पर लगभग 402 विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण कार्य कर रहे हैं और ऐसे अभिकरणों की सूची **अनुलग्नक - क** में दी गई है। 402 अभिकरणों में से, 71 अभिकरणों को बच्चों को अंतर-देशीय दत्तक-ग्रहण में स्थापन कराने के लिए मान्यता प्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण (आरआईपीए) के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण की भूमिका में इसकी बच्चों के लिए भूमिका, इसकी देखरेख में रह रहे प्रत्येक बच्चे की देखरेख, संरक्षण एवं कल्याण के लिए उत्तरदायी होना तथा उनकी स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करना; विशेष जरूरतों वाले बच्चों की विशेष देखरेख; भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक जरूरतें; शैक्षिणिक एवं प्रशिक्षण जरूरतें; आराम एवं मनोरंजन गतिविधियां; सभी प्रकार के दुर्व्यवहार, उपेक्षा एवं शोषण से संरक्षण; सामाज की मुख्यधारा से जोड़ना, पुनः स्थापन एवं अनुवर्तन शामिल होती है। इसके अलावा, यह बच्चों के सुरक्षोपायों की मॉनीटरी करने सहित कारा के दिशानिर्देशों का अनुसरण करके उनका पुनः स्थापन एवं दत्तक-ग्रहण में उनका स्थापन करने के प्रयास करता है।

**1.4 प्राधिकृत विदेशी दत्तक ग्रहण अभिकरण (एएफएए)/केंद्रीय प्राधिकरण (सीए) :** कारा अनिवासी भारतीयों, प्रवासी भारतीय नागरिकों एवं सामान्यतः विदेशों में निवास करने वाले भारतीय मूल के व्यक्तियों सहित विदेशी भावी दत्तक माता-पिता के आवेदनों को प्रायोजित करने के लिए विदेशी दत्तक-ग्रहण अभिकरणों को प्राधिकृत करता है। भारतीय बच्चे के दत्तक-ग्रहण हेतु विदेशी दत्तक माता पिता के आवेदनों को प्रायोजित करने का इच्छुक विदेशी मान्यता प्राप्त अभिकरण अपने केंद्रीय प्राधिकरण अथवा सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से अनुमोदन हेतु कारा को आवेदन करेगा। कारा को आवेदन संबंधित देश मे भारतीय राजनायिक मिशन के कार्यालय के माध्यम से अग्रेषित किया जाएगा। ये अभिकरण अंतर-देशीय दत्तक-ग्रहण के मामलों में कार्रवाई करने के लिए प्राप्तकर्ता देशों में मान्यता प्राप्त अभिकरण के रूप में जाने जाते हैं। कुछ देशों में, केंद्रीय प्राधिकरण अंतर-देशीय दत्तक ग्रहण के मामलों में प्रत्यक्ष रूप से जुड़े होते हैं जिसका अर्थ यह होता है कि प्राधिकृत विदेशी दत्तक-ग्रहण अभिकरण के बजाय ये निकाय भावी दत्तक माता-पिता के आवेदनों को कारा को अग्रेषित करते हैं।

****

## अध्याय : 2

# मुख्य उपलब्धियां

**क. ई-गवर्नेंस पहल :** सरकार द्वारा बालक दत्तक-ग्रहण संसाधन सूचना एवं मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंगस), दत्तक-ग्रहण पर एक ई-गवर्नेंस पहल का शुभारंभ फरवरी, 2011 में किया गया। यह वेब आधारित प्रबंधन और मॉनीटर प्रणाली पारदर्शी एवं अनुकूल दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया उपलब्ध कराती है। यह बच्चों एवं माता-पिता की देखरेख, सुविधा एवं आराम के सिद्धांतों पर आधारित अधिक बाल केंद्रित दृष्टिकोण प्रदान करती है। यह त्वरित एवं निर्बाध दत्तक-ग्रहण सुकर बनाती है, दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है, कार्यान्वयनकर्ता अभिकरणों की जवाबदेही में वृद्धि करती है, पक्षकारों का नेटवर्क तैयार करती है और कारगर नीति निर्माण और अनुसंधान को सक्षम बनाने के लिए राष्ट्रीय आंकड़ा आधार का रखरखाव करती है।

केयरिंगस से बच्चे एवं भावी दत्तक माता-पिता दोनों लाभान्वित होते है। दत्तक-ग्रहण योग्य बच्चों और प्रतीक्षारत माता-पिता के आंकड़ा आधार का उपयोग करके देश में दत्तक-ग्रहण अभिकरणों में बच्चों तक पहुंचा जा सकता है और उनके शीघ्र पुनर्वास के लिए प्रतीक्षारत माता-पिता से मिलान किया जा सकता है। भावी दत्तक माता-पिता के लिए, केयरिंगस में किसी भी अभिकरण में दत्तक-ग्रहण योग्य बच्चों की उपलब्धता, दत्तक-ग्रहण अभिकरणों के संपर्क ब्यौरे, दत्तक-ग्रहण हेतु प्रस्तावित बच्चे की माता-पिता द्वारा ऑनलाइन स्वीकृति और उनके मामलों की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक करने की सुविधा भी पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध होती है।

**निष्कर्ष**

1. **केयरिंगस पर दत्तक-ग्रहण अभिकरणों का पंजीकरण :** यह मॉड्यूल देश के सभी दत्तक-ग्रहण अभिकरणों की अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यर्पित बच्चों से संबंधित और भावी दत्तक माता-पिता के बारे में प्रासंगिक सूचना दर्ज करने में सहायता करता है। बच्चों के प्रवेश से संबंधित आंकड़े और दत्तक-ग्रहण पश्च अनुवर्ती रिकार्ड, जब तक कि उन्हें दत्तक-ग्रहण डिक्री नहीं मिल जाती है, दर्ज किया जाता है। 402 अभिकरणों में से, 380 विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण पहले से ही ऑनलाइन पंजीकृत हैं। उपयोगी सूचना ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

**तालिका सं. : 1**

**केयरिंगस पर पंजीकृत दत्तक-ग्रहण अभिकरणों की वर्तमान स्थिति**

| अभिकरण का नाम | संख्या | केयरिंगस पर पंजीकृत | केयरिंगस पर अद्‍यतनीकरण |
|---|---|---|---|
| विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण | 326 | 304 | 209 |
| मान्यताप्राप्त भारतीय स्थापन | 69 | 69 | 68 |
| अभिकरण<br>कुल | 395 | 373 | 277 |

*अब कारा राज्य सरकारों की सहायता से सेवा प्रदाताओं के साथ व्यवहारिक सत्रों का नियमित आयोजन करता है ताकि उनके डैशबोर्ड आंकड़े वास्तविक आंकड़ों से मेल खाते हों और सभी बच्चों तक उनके पुनर्वास के लिए पहुंचा जा सके।

**2. घरेलू दत्तक ग्रहण के मामले में भावी दत्तक माता-पिता का ऑनलाइन पंजीकरण :** सामान्यतः भारत में निवास करने वाले और भारतीय नागरिकता रखने वाले भावी दत्तक माता-पिता (पीएपी) अपनी पात्रता के बारे में जांच कर सकते हैं, दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया एवं अपेक्षाओं के बारे में जान सकते, उपयुक्त दत्तक ग्रहण अभिकरण खोज सकते और http://cara.nic.in/parents/parentregshow.aspx पर अपने आपको पंजीकृत कर सकते हैं।

यह वेबसाइट उनके आवेदनों की स्थिति का पता लगाने और मिलान किए गए बच्चे को ऑनलाइन देखने को भी सक्षम बनाती है। भावी दत्तक माता-पिता किसी भी विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण (एसएए) अथवा मान्यताप्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण (आरआईपीए) को वरीयता देते हुए केयरिंग्स पर अपने आपको अस्थायी रूप से पंजीकृत कर सकते हैं। भावी दत्तक माता-पिता के लिए एक पंजीकरण पर्ची तैयार होती है। अभिकरण, दस्तावेजों की संवीक्षा, अनुवर्ती परामर्श एवं गृह अध्ययन के बाद, दम्पती की अपेक्षाओं को पूरा कर रहे उपयुक्त बालक का दम्पति को प्रस्ताव दे सकते हैं। भावी दत्तक माता-पिता दत्तक ग्रहण योग्य बच्चों की उपलब्धता ऑनलाइन देख सकते है। दम्पति के पास एक अभिकरण से दूसरे अभिकरण को बदलने की भी गुंजाइश होती है।

**3. अंतर - राज्यीय घरेलू दत्तक-ग्रहण :** भावी दत्तक माता-पिता ऑनलाइन केयरिंगस के माध्यम से किसी भी विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण के साथ पंजीकरण करा सकते हैं और बच्चे को किसी भी भौगोलिक बाधा के बिना देश में किसी भी भावी दत्तक माता-पिता को दत्तक दिया जा सकता है। दत्तक-ग्रहण के ऐसे भी मामलों में, भावी दत्तक माता-पिता की गृह अध्ययन रिपोर्ट स्थानीय विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण द्वारा जहां पर भावी दत्तक माता-पिता सामान्यतः निवास करते हैं, तैयार की जाती है।

**4. कारा में दत्तक-ग्रहण आवेदन प्राप्त करने की केन्द्रीय प्रणाली :** काफी समय से अंतराष्ट्रीय दत्तक-ग्रहण स्थापन में माता-पिता स्वस्थ बच्चों एवं जीवन के पहले वर्ष में स्थापन किए गए बच्चों की जगह ऐसे बच्चों का दत्तक-ग्रहण करने, जो तुलनात्मक रूप से बड़े होते हैं और विशेष जरूरतों वाले होते हैं, को तैयार होते हैं। चूंकि अंधिकांश देश घरेलू दत्तक-ग्रहण की दिशा में बढ़ रह हैं, अंतराष्ट्रीय दत्तक-ग्रहण की पृवृत्ति ऐसे बच्चों के दत्तक-ग्रहण की ओर जा रही है, जिनका दत्तक-ग्रहण परंपरागत रूप कठिन होता है क्योंकि उनकी आयु अधिक होती है, उनकी जरूरतें विशेष होती हैं या बड़े पारिवारिक समूहों से आते हैं।

बालक दत्तक-ग्रहण संसाधन सूचना एवं मार्गदर्शन प्रणाली (केयरिंग्स) के माध्यम से अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण हेतु आवेदन प्राप्त करने की ऑनलाइन केन्द्रीय प्रणाली 20 जनवरी, 2012 से संचालन में है।

**5. मानसिक एवं शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों का शीघ्र स्थापन :** इस मॉड्यूल ने विशेष जरूरतों वाले बच्चों के स्थापन, जिनका स्थापन करना कठिन माना जाता है, में तेजी को सुकर बनाया है। बच्चों के दत्तक-ग्रहण के अभिशासी दिशानिर्देशों का पैरा 44 विशेष जरूरतों वाले बच्चों का निम्नानुसार उल्लेख करता है:-

**(क)** दृश्य अथवा/और गंभीर चिकित्सीय परिस्थिति - मानसिक अथवा शारीरिक;

**(ख)** अधिक आयु के बच्चे;

**(ग)** सहोदर भाई/बहिन और

**(घ)** जन्म के समय अत्याधिक अल्पवज़नी बच्चे

वर्तमान में, ऐसे बच्चों को, जो मानसिक एवं शारीरिक रूप से अक्षम हैं, किसी विशिष्ट मान्यता प्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण को आबंटन नहीं किया जाता है। इसके बजाय, ऐसे बच्चों का ब्यौरा केयरिंग्स पर अपलोड किया जाता है और प्राधिकृत विदेशी दत्तक-ग्रहण अभिकरण/केंद्रीय प्राधिकरण से भावी दत्तक माता-पिता द्वारा दी गई वरीयता के अनुसार ऑनलाइन मिलान करना अपेक्षित है।

6. **ऑनलाइन दत्तक पश्च अनुवर्तन :** अब प्राप्तकर्ता देशों में प्राधिकृत विदेशी दत्तक-ग्रहण अभिकरणों (एएफएए)/केंद्रीय प्राधिकरणों (सीए) को दो वर्ष की अवधि तक स्थापन पश्च प्रगति रिपोर्ट की हार्ड प्रति कारा और भारतीय अभिकरणों को भेजने के अलावा उसे ऑनलाइन भी भेजना होता है। छः स्थापन-पश्च रिपोर्टे, पहले वर्ष में चार और दूसरे वर्ष में दो रिपोर्टें अपेक्षित होती हैं। यह जनवरी, 2012 से नियत किया गया है। इसे घरेलू दत्तक-ग्रहण के मामलों में भी सुसाध्य बनाया गया है।

7. **विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण - मान्यता प्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण संयोजन के माध्यम से विशेष जरूरतों वाले बच्चों के दत्तक-ग्रहण :** कारा ने विदेशों में रह रहे भावी दत्तक माता-पिता द्वारा उनके प्राधिकृत अभिकरणों/केंद्रीय प्राधिकरणों के माध्यम से विशेष जरूरतों वाले बच्चों के ऑनलाइन मिलान के लिए राज्यों में मान्यता प्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण और विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरणों के बीच संयोजन स्थापित किया है। विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरणों को विशेष जरूरतों वाले बच्चों के अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण में स्थापन के लिए नजदीकी मान्यता प्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण के साथ संयोजन करना होता है। एक मान्यता प्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण भी कारा द्वारा अग्रेषित आवेदनों के लिए विशेष जरूरतों वाले बच्चों के दत्तक-ग्रहण को सुकर बनाने के लिए उससे संयोजित किसी भी विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण से संपर्क कर सकता है।

8. **राज्य दत्तक-ग्रहण संसाधन अभिकरण और जिला बाल संरक्षण एकक का मानीटरी मॉड्यूल :** समेकित बाल संरक्षण स्कीम के अनुसार, राज्य दत्तक-ग्रहण संसाधन अभिकरण (सारा) से चाइल्ड ट्रैकिंग प्रणाली के एक भाग के रूप में जिला बाल संरक्षण एकक (डीसीपीयू) की सहायता से दत्तक-ग्रहण योग्य बच्चों का केंद्रीयकृत वेब-आधारित आंकड़ा आधार बनाए रखना; विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरणों के कार्य का पर्यवेक्षण करने के लिए जिला बाल संरक्षण एकक की सहायता से भावी दत्तक माता-पिता के केंद्रीयकृत वेब आधारित आंकड़ा आधार का रखरखाव करना और राज्य में उनके बीच समन्वय सुनिश्चित करना अपेक्षित है। सारा मॉड्यूल के बाद, डीसीपीयू मॉड्यूल को प्रचालित किया गया है और डीसीपीयू बच्चों के आंकड़ों का सत्यापन और बच्चों के कल्याण की मानीटरी करने के लिए जिले में स्थापित दत्तक-ग्रहण अभिकरणों की जिला स्तरीय सूचना तक पहुंच कर सकते हैं।

संबद्ध अभिकरणों और कारा द्वारा कार्यान्वयन प्रक्रिया में कतिपय कमियां अभिनिर्धारित की गई हैं जिन्हें दूर किए जाने की जरूरत है। उच्च कोटि की व्यावसायिकता की जरूरत है क्योंकि 380 दत्तक अभिकरणों में से केवल आधे अभिकरण ही आंकड़ों को अद्यतन कर रहे हैं। आंकड़ों के अद्यतनीकरण से दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया बाधा रहित हो सकेगी, क्योंकि प्रतीक्षारत बच्चों और प्रतीक्षारत भावी दत्तक माता-पिता की संख्या काफी है। इस संबंध में, सारा और डीसीपीयू बहुत ही अहम भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि बहुत से दत्तक-ग्रहण अभिकरण केयरिंग्स पर संपूर्ण दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया (प्रवेश से लेकर दत्तक-ग्रहण पश्च अनुवर्तन तक) को पूरा नहीं करते हैं। विलंब नोटिस किया जाता

क्योंकि भारत में दत्तक-ग्रहण अभिकरण सीएसआर और एमईआर अपलोड करने में काफी समय लेते हैं। विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए परिवार खोजने का व्यापक क्षेत्र है। शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को सामान्यतः बिना देरी के परिवार मिल जाते हैं। सारा और डीसीपीयू विशेष जरूरतों वाले बच्चों से संबंधित सूचना अपलोड करने के लिए देश के सभी विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरणों से संपर्क कर सकते हैं। डीसीपीयू विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण का बाल देखरेख संस्थाओं के साथ संयोजन कर सकता है ताकि बाल देखरख संस्था के दत्तक-ग्रहण योग्य बच्चे भी दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया से जुड़े जाएं।

**ख. राज्य सरकार/अन्य पक्षकारों का समर्थन और उनके साथ समन्वय :** सतत संवर्धनात्मक प्रयासों और सरकार एवं दत्तक-ग्रहण अभिकरणों के बीच वर्धित समन्वय से बेहतर रिपोर्टिंग प्रणाली तैयार हुई है। कारा एल.के. पाण्डे बनाम भारत संघ के मामले में उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों के अनुसार स्वयं ही दत्तक-ग्रहण आदेश जारी कराने के लिए विभिन्न न्यायालयों में जाता है।

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 41 के अनुसार बच्चों के पुनर्वास के लिए जो अनाथ, परितयक्त या अभ्यर्पित हैं, और इसके अंतर्गत अधिसूचित नियमावली और दिशानिर्देशों के अंतर्गत यथा विहित तंत्र के माध्यम से दत्तक-ग्रहण किया जाए। लेकिन, ऐसे बच्चों को दत्तक-ग्रहण में केवल तभी दिया जा सकता है यदि वे संबंधित बाल कल्याण समितियाँ (सीडब्लयूसी) द्वारा, जिनका गठन संबंधित राज्य सरकारों एवं संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 29 के अंतर्गत किया जाता है, दत्तक-ग्रहण के लिए कानूनन मुक्त घोषित कर दिए जाते हैं। राज्य सरकारों से बाल कल्याण समितियों के स्तर पर होने वाले विलंब की जांच करने के लिए कहा गया है।

इसके अलावा, कारा ने विदेश मंत्रालय के परिपत्र के अनुसार दत्तक-ग्रहण किए गए सभी बच्चों को दस दिन की अवधि के भीतर पासपोर्ट जारी करने के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारियों को लिखा है। कारा अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण के मामलों में अनुशंसा प्रमाण पत्र शीघ्र जारी करने के लिए राज्य सरकारों के साथ परामर्शों और बैठकों का आयोजन करता है। सारा का राज्य स्तर पर नोडल संपर्क बिंदु होने के कारण, कारा के लिए राज्य स्तर पर ऐसे निकायों से संपर्क करना सुविधाजनक हो गया है जिसके परिणामस्वरूप दत्तक-ग्रहण संबंधी कार्यक्रमों के प्रसार को व्यापक कवरेज और संवर्धन मिलता है।

कारा परामर्श बैठकों के माध्यम से और आईसीपीएस के अधीन विभिन्न अवसंरचनाओं के कार्यकरण की मानीटरी के लिए स्थापित परियोजना मूल्यांकन बोर्डों के माध्यम से राज्य सरकारों के साथ नियमित विचार-विमर्श भी करता है। ऐसे कार्यक्रमों ने कारा को दत्तक-ग्रहण कार्यक्रम के पक्षकारों की प्रत्याशाओं का मानचित्रीकरण करने और ऐसे क्षेत्रों को अभिनिर्धारित करने, जिन पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है, में सक्षम बनाया है।

**ग. निरीक्षण एवं मानीटरी :** कारा ने दत्तक-ग्रहण कार्यक्रम का विस्तार करने और उसे सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर दत्तक-ग्रहण अभिकरणों का संयुक्त निरीक्षण किया है। संयुक्त निरीक्षण प्राप्त शिकायतों के आधार पर किए गए और नियमित वार्षिक निरीक्षण भी किए गए। कारा ने ऑनलाइन केयरिंग्स, एक महत्वपूर्ण

पहल, जो आंकड़ा आधार की समीक्षा को सुकर बनाती है, के माध्यम से दत्तक-ग्रहण अभिकरणों की नियमित मानीटरी को सुकर बनाया है। दत्तक-ग्रहण अभिकरणों की निरीक्षण रिपोर्टों ने कारा को कार्यक्रम का क्रियान्वयन करने और विशेष जरूरत वाले बच्चों का दत्तक-ग्रहण में शीघ्र पुनर्वास करने में सक्षम बनाया है। कारा ने वर्ष 2013-14 में 44 दत्तक-ग्रहण अभिकरणों का निरीक्षण किया है। कारा द्वारा दत्तक-ग्रहण अभिकरणों का निरीक्षणों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्न-ख** में दिया गया है।

**घ. विशेष जरूरतों वाले बच्चों का पुनर्वास :** बच्चों का कल्याण किसी भी समाज के लिए महत्वपूर्ण होता है जिसमें उनका शारीरिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा; शैक्षणिक उपलब्धि एवं ज्ञानात्मक उपलब्धि; और सामाजिक एवं भावनात्मक विकास शामिल होता है। बाल्यावस्था का दुखद पहलू यह होता है कि बहुत सारे बच्चे दुर्व्यवहार एवं उपेक्षा, मानसिक बीमारियों, वयस्क व्यवहार से संबद्ध आघात, पदार्थ दुर्व्यवहार यौन संचारित बीमारियों और एचआईवी-एड्स आदि से पीड़ित होते हैं। विशेष जरूरतों वाले अधिकांश बच्चे व्यवहारात्मक एवं विकाससत्मक उद्विग्नताओं, मानसिक स्वास्थ्य एवं मनश्चिकित्सीय कठिनाइयों, शैक्षणिक परेशानियों, श्रवण संबंधी समस्याओं, भाषा विकृतियों, मोह विकार अथवा बीमारियों और स्व-प्रेरणात्मक व्यवहारों आदि से पीड़ित होते हैं। ऐसे बच्चों को सामान्यतः संस्थागत देखरेख में रखा जाता है। विशेष जरूरतों वाले बच्चों में माता-पिता की देखरेख रहित बच्चे सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं।

यह देखा गया है कि विशेष जरूरतों वाले बच्चों की श्रेणी में; शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों की संख्या सबसे अधिक होती है जिसके बाद अधिक आयु के बच्चे आते हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है कि बहुत से बच्चे दत्तक-ग्रहण अभिकरणों तक नहीं पहुंच पाते हैं और माता-पिता की आवक की तुलना में बच्चों की आवक कम होती है। चूंकि अधिक आयु के और विशेष जरूरतों वाले बच्चों को देश में परिवार नहीं मिलते हैं, अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण में ऐसे बच्चों के दत्तक-ग्रहण को दीर्घकालीन संस्थानीकरण से अधिक प्राथमिकता दी जाती है।

**तालिका संख्या : 2**

**विशिष्ट जरूरतों वाले बच्चों का पुनर्वास**

| दत्तक-ग्रहण | 2010 (जनवरी से दिसम्बर) | 2011 (जनवरी, 2011 से मार्च 2012) | 2012-13 (अप्रैल, 2012 से मार्च 2013) | 2013-14 (अप्रैल, 2013 से मार्च 2014) |
|---|---|---|---|---|
| देश के भीरत | 5693 (89%) | 5964 (89.5%) | 4694 (93.5%) | 3924 (89%) |
| अंतर-देशीय | 628 (11%) | 629 (10.5%) | 308 (6.5%) | 430 (11%) (430 बच्चों में से 283 बच्चे, जो कुल अंतर-देशीय दत्तक-ग्रहण का 67% है, विशेष जरूरतों वाले बच्चे हैं। |

ङ. **प्रशिक्षण और विकास :** पक्षकारों की क्षमता निर्माण के लिए, कारा नीति एवं दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया और विभिन्न अधिनियमों, नियमावली एवं दिशानिर्देशों में यथा प्रदत्त दत्तक-ग्रहण संबंधी मामलों के बारे में सभी संबद्ध अभिकरणों तथा संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त जानकारी, कौशल एवं अभिप्रेरणा प्रदान करने के लिए, केयरिंग्स सॉफ्टवेयर का उपयोग करने के लिए कम्प्यूटर पर कार्य करने हेतु तथा क्षेत्रीय जरूरतों एव अपेक्षाओं के बारे में भागीदारों से फीडबैक प्राप्त करने के लिए संबंधित राज्य सरकारों की सहायता से अनेक अभिविन्यास कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मानकों और राष्ट्रीय कानूनों और मौजूदा दत्तक-ग्रहण प्रणाली के दायित्वों के आलोक में, पाठ्यक्रम में निम्नलिखित शामिल हैं :

1. अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यर्पित बच्चों के दत्तक-ग्रहण हेतु विधान/दिशानिर्देश/अंतर्राष्ट्रीय मानक
2. केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण द्वारा जारी दत्तक-ग्रहण दिशानिर्देश
3. वर्ष 2003 में भारत द्वारा अनुसमर्थित अंतर-देशीय दत्तक-ग्रहण पर हेग कन्वेशन
4. केयरिंग्स पर सजीव प्रस्तुतिकरण और व्यवहारिक सत्र

**भागीदारी का स्तर**

(क) दत्तक-ग्रहण अभिकरण और अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यर्पित बच्चों को रखने वाले बाल गृह एवं बाल कल्याण समितियों के सदस्य।

(ख) राज्य सरकार के विभागों के प्रतिनिधि, कार्यक्रम प्रबंधक - सारा, कार्यक्रम प्रबंधक (प्रशिक्षण, सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण और समर्थन), कार्यक्रम प्रबंधक (बाल संरक्षण), कार्यक्रम अधिकारी (सीएनसीपी), कार्यक्रम अधिकारी (प्रशिक्षण), कार्यक्रम अधिकारी (सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण और समर्थन), कार्यक्रम अधिकारी - सारा, परियोजना अधिकारी (एसपीएसयू), कार्यक्रम सहायक, सहायक (एससीपीएस), लेखाकार, एसएएसी के सदस्य, एआरसी कर्मी।

(ग) जिला बाल संरक्षण अधिकारी और उनके कर्मचारी

(घ) विधि - सह - परवीक्षा अधिकारी

(ड़) सदस्य, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी)

(च) सिविल समाज, चाइल्ड लाइन/मुक्त आश्रय/बाल गृहों के सदस्य

(छ) भारतीय चिकित्सा संघ, शिशुरोग विशेषज्ञ संघ, स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ संघ के राज्य चैप्टर और जिला चिकित्सा संघ के प्रतिनिधि।

वर्ष 2013-14 के दौरान, कारा ने संबंधित राज्य सरकारों के सहयोग से अनेक प्रशिक्षण एवं विकास गतिविधियों का आयोजन किया। ब्यौरा **अनुलग्नक - ग** में दिया गया है।

**तालिका संख्या : 3**
**प्रशिक्षण और विकास गतिविधियों के प्रकार**

| | |
|---|---|
| राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम | 14 |
| दत्तक-ग्रहण किए गए बच्चों, भावी दत्तक माता-पिता (पीएपी) और दत्तक माता-पिता के साथ विचार-विमर्श बैठक | 5 |
| राज्य सरकारों के साथ परामर्श बैठक | 1 |
| केयरिंग्स पर प्रशिक्षण | 325 दत्तक ग्रहण अभिकरण |



05 अगस्त, 2013 का आईएसटीएम, नई दिल्ली में आयोजित सारा मॉड्यूल पर राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम के दौरान राज्य दत्तक-ग्रहण संसाधन अभिकरणों (सारा) के प्रतिभागी




06 सितम्बर, 2013 को पटना, बिहार में राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करती श्रीमती एन. विजयलक्ष्मी, भा.प्र.से. प्रभारी सचिव, समाज कल्याण विभाग




06 सितम्बर, 2013 को पटना, बिहार में राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. जे. पति, संयुक्त निदेशक, कारा



06 सितम्बर, 2013 को पटना, बिहार में आयोजित राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम



28 मार्च, 2014 को कोलकाता में आयोजित राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम




कोलकाता में दत्तक माता-पिता, भावी दत्तक माता-पिता (पीएपी) के साथ विचार-विमर्श बैठक के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम



कोलकाता में केयरिंग्स पर व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र



16 एवं 17 नवम्बर, 2013 को बैंगलुरु में आयोजित विचार-विमर्श बैठक के दौरान दत्तक माता-पिता/भावी दत्तक माता-पिता और बच्चे



नई दिल्ली लोक कला मंच में माता-पिता, दत्तक-ग्रहण किए गए बच्चों और भावी दत्तक माता-पिता के साथ कारा की विचार-विमर्श बैठक में प्रतिभागियों के साथ श्री विवेक जोशी, संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

च. **मीडिया :** कारा प्रमुख राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर, एफएम चैनलों पर ऑडियो स्पोटों का प्रसारण करके; और डिजिटल सिनेमा में वीडियों स्पॉटों का प्रसारण करके नीतिपरक दत्तक-ग्रहण पद्धतियों को बढ़ावा दे रहा है। कारा ने 17-30 नवम्बर तक आईएनए, दिल्ली हाट में और 17-29 नवम्बर तमक पीतमपुरा दिल्ली हाट में भी मंत्रालय द्वारा आयोजित 'वात्सल्य मेले' में भागीदारी की और इस अवसर का दत्तक-ग्रहण से संबंधित सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण से संबंधित जानकारी के प्रसार के लिए उपयोग किया। कारा ने वातसल्य मेला, 2013 के दौरान निम्नलिखित सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण साहित्य का प्रकाशन किया जिसका उपयोग कारा द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण एवं विकास गतिविधियों में किया जाता है :

(i) 'दत्तक-ग्रहण : एक प्यारा विकल्प' विषय पर वर्ष 2013 का कलैंडर

(ii) निम्नलिखत पर सूचना सामग्री :

  (क) गृह सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करने का मानक प्रपत्र

  (ख) भावी दत्तक माता-पिता के पात्रता मानदंड

  (ग) देश के भीतर और अंतरदेशीय दत्तक-ग्रहण की प्रक्रिया

छ. **आंकड़ा आधार :** दत्तक-ग्रहण के राज्य-वार आंकड़े **अनुलग्नक-घ** में दिए गए हैं।

कारा ने जुलाई और अक्तूबर, 2013 में प्रगति मैदान में आयोजित मेरी दिल्ली उत्सव में भी भागीदारी की



17-29 नवम्बर, 2013 के दौरान वात्सल्य मेंले में आईएनए दिल्ली हाट में दर्शक




17-29 नवम्बर, 2013 के दौरान पीतमपुरा दिल्ली हाट में वात्सल्य मेंले के दौरान दत्तक-ग्रहण के बारे में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देते कारा के प्रतिनिधि

**अध्याय : III**

# आगे की राह

संरक्षण, प्यार एवं देखरेख के अंतर्गत विकास के लिए बच्चे हेतु परिवार एक प्राथमिक इकाई है जो उसे देश का जिम्मेवार नागरिक बनाती है। प्रारंभिक बाल्यावस्था मानव के समग्र विकास का आधार होती है। यह वह अवधि होती है जब मनुष्य सहनशीलता, सम्मान एवं आपसी समझ की संस्कृति विकसित करते हैं। यह समाजीकरण हेतु एक महत्वपूर्ण अवधि होती है। एक बच्चे को संस्था में रखना, जब बच्चे के लिए बेहतर विकल्प मौजूद हैं, मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है। सभी अध्ययन इस बात का स्पष्ट उल्लेख करते हैं कि एक संस्थागत ढांचे में बच्चे का विकास अत्यधिक बाधित होता है और अधिकांश मामलों में, नुकसान जिंदगी भर बालक का पीछा करता रहता है।

पूरे विश्व में करोड़ों बच्चे अपने जैविक परिवारों से अलग हो जाते हैं। हम या तो उनके लिए सर्वोत्तम निर्णय ले सकते हैं जब वे बच्चे होते हैं और उन्हें समाज में भागीदारी करने के लिए उपयोगी वैश्विक नागरिक बना सकते हैं अथवा उनके बारे में गलत निर्णय ले सकते हैं ओर उन्हें समाज पर निर्भर रहते हुए विकास करने दें, आत्म-हत्या करने दें, उन्हें वेश्या बनने दें या मादक पदार्थों का आदी बनने दें।

दत्तक-ग्रहण भावना से ओत-प्रोत विषय है और यह आजीवन प्रतिबद्धता है। प्रत्येक दत्तक-ग्रहण बीसियों मानव दिलों को छू जाता है। माता-पिता को ऐसा वातावरण प्रदान करना चाहिए जो ऐसे बच्चे के अनुकूल हो। दत्तक माता-पिता को बच्चे को न केवल भावनात्मक स्तर पर तैयार करना होता है अपितु उसे मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी समान रूप से तैयार करना होता है क्योंकि वे बच्चे, जिनका दत्तक-ग्रहण किया जाता है, स्वास्थ्य एवं अधिगम अक्षमताओं के प्रति संवेदनशील होते हैं। वास्तव में, बहुत से बच्चे दत्तक-ग्रहण अभिकरणों तक नहीं पहुंच पाते हैं। निराश्रित बच्चों की विश्व की जनसंख्या में भारत की बड़ी भागीदारी को देखते हुए रिपोर्ट किए गए 6000 दत्तक ग्रहण हमारी घोर व्यथा व्यक्त करते हैं कि हम सभी को कठिन मेहनत करने और यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि माता-पिता की देखरेख रहित सभी ऐसे बच्चों तक पहुंच हो और उनका पुनर्वास किया जाए। सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि जबकि बच्चे दत्तक-ग्रहण अभिकरणों में प्रतीक्षारत होते हैं और भावी दत्तक-ग्रहण माता-पिता उन्हें प्राप्त करने के लिए उत्सुक रहते हैं, प्रणाली में भागीदारी कर रहे मान्यता प्राप्त अभिकरणों और प्राधिकारिणों में विभिन्न स्तरों पर उनके सम्मिलन में देरी कर दी जाती है। कुछ स्तरों पर, नियमों के बारे में गलत जानकारी एवं अनभिज्ञता होती है और बहुत से इसे वरीयता नहीं देते है। माता-पिता की देखरेख रहित बच्चों को सर्वाधिक अपेक्षित अवधि की न्यूनतम अवधि से अधिक संस्थानीकरण नहीं किया जाना चाहिए।

दत्तक-ग्रहण अभिकरणों में बच्चों की आवक कम हो गई है; शायद बच्चे दत्तक-ग्रहण अभिकरणों तक नहीं पहुंच रहे हैं। आगामी दिनों में, कारा को माता-पिता की देखरेख रहित बच्चों तक पहुंच के प्रयास करने होंगे, राज्य दत्तक-ग्रहण संसाधन अभिकरण सहित सभी सेवा प्रदाताओं एवं दत्तक-ग्रहण अभिकरणों की क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि दत्तक-ग्रहण योग्य बच्चे लंबे समय तक संस्थाओं में न रहें। उनका भारत सरकार द्वारा अधिसूचित दत्तक-ग्रहण दिशानिर्देशों के अनुसार शीघ्र दत्तक-ग्रहण में स्थापन किया

जाए। कारा को दत्तक-ग्रहण प्रणाली में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए केयरिंग्स नामक अपने सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग को सुदृढ़ बनाना होगा। केयरिंग्स पर ऑनलाइन पंजीकरण के बिना किसी भी दत्तक ग्रहण को अनुमति नहीं दी जाएगी। कारा देश के सभी जिला बाल संरक्षण एककों को जोड़ने की प्रक्रिया में है। जिला बाल संरक्षण एकक का कर्तव्य केवल अभिकरणों के कार्यकरण की मानीटरी करना ही नहीं है अपितु दत्तक-ग्रहण प्रक्रिया में विलंब को कम से कम करने में सहायता करना भी है क्योंकि यह स्थानीय सरकार का प्रतिनिधत्व कर रही जिला स्तर पर स्थापित बाल संरक्षण सेवा है।

कारा को सभी भावी दत्तक माता-पिताओं के लिए बाधा रहित दत्तक-ग्रहण को बढ़ावा देना और दत्तक गृहों एवं बाल गृहों में माता-पिता की देखरेख रहित बच्चों का शीघ्र गैर-संस्थानीकरण करना होगा। कारा को इस विषय पर अधिक से अधिक प्रशिक्षण एवं विकास कार्यकलाप आयोजित करने होंगे ताकि दत्तक-ग्रहण और अधिक पेशेवर तरीके से किया जा सके। यह भी महत्वपूर्ण है कि कारा यह सुनिश्चित करने के लिए कि दत्तक-ग्रहण अभिकरण दिशानिर्देशों में यथा निर्धारित विभिन्न नीतिपरक मानकों का अनुपालन करें, इन अभिकरणों का नियमित निरीक्षण करे।

**अनुलग्क : क**

## दत्तक-ग्रहण अभिकरणों की राज्य-वार सूची

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरणों की संख्य | मान्यताप्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरणों की संख्या | विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरणों एवं मान्यताप्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरणों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान | 1 | 0 | 1 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 24 | 1 | 25 |
| 3 | असम | 8 | 1 | 9 |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 0 | 1 |
| 5 | बिहार | 3 | 0 | 3 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 5 | 0 | 5 |
| 7 | चंडीगढ़ | 1 | 0 | 1 |
| 8 | दिल्ली | 5 | 8 | 13 |
| 9 | गोवा | 1 | 2 | 3 |
| 10 | गुजरात | 15 | 4 | 19 |
| 11 | हरियाणा | 1 | 1 | 2 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 1 | 0 | 1 |
| 13 | झारखंड | 5 | 1 | 6 |
| 14 | कर्नाटक | 27 | 6 | 33 |
| 15 | केरल | 23 | 5 | 28 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 37 | 1 | 38 |
| 17 | महाराष्ट्र | 45 | 21 | 66 |
| 18 | मिजोरम | 4 | 1 | 5 |
| 19 | मणिपुर | 6 | 0 | 6 |

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरणों की संख्य | मान्यताप्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरणों की संख्या | विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरणों एवं मान्यताप्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरणों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 20 | नागालैंड | 2 | 0 | 2 |
| 21 | ओडिशा | 13 | 3 | 16 |
| 22 | पंजाब | 4 | 2 | 6 |
| 23 | पुदुच्चेरी | 0 | 2 | 2 |
| 24 | राजस्थान | 35 | 2 | 37 |
| 25 | मेघालय | 1 | 0 | 1 |
| 26 | त्रिपुरा | 4 | 0 | 4 |
| 27 | तमिलनाडु | 10 | 5 | 15 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 25 | 1 | 26 |
| 29 | उत्तराखंड | 1 | 0 | 1 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 23 | 4 | 27 |
| | **कुल** | 331 | 71 | 402 |

अनुलग्क : ख

## दत्तक-ग्रहण अभिकरणों की राज्य-वार सूची

| क्र.सं. | मान्यताप्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण/विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण |
|---|---|
| 1. | मनोज मंजरी, मान्यताप्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण, ओडिशा |
| 2. | सैल्फ रियलाएजेशन मिशन, विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण, आनंदपुर, क्योंझर |
| 3. | राजकीय बाल गृह, ममफोर्डगंज, इलाहाबाद |
| 4. | मिरेकल फाउण्डेशन, मान्यताप्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण, खुंटी, झारखंड |
| 5. | एमओसी, विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण, रांची |
| 6. | एसजीवीएस हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर, खुंटी, झारखंड |
| 7. | एसओएफओएसएच, पुणे |
| 8. | अखिल भारतीय पिंगवाडा धमार्थ सोसायटी, अमृतसर |
| 9. | अनाथ कल्याण सोसायटी, जालंधर |
| 10. | भाई घनय्या जी धर्मार्थ न्यास, जालंधर |
| 11. | नारी निकेतन न्यास, जालंधर |
| 12. | एमओसी, विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण, दार्जलिंग |
| 13. | मातृ छाया शिशु गृह (विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण), वाराणसी |
| 14. | शिशु गृह, चन्डौली |
| 15. | बाल कल्याण गृह, सरिता विहार, दिल्ली |
| 16. | राज्य द्वारा संचालित शिशु गृह, जयपुर |
| 17. | सोपान एवं उपवन (एसओएस चिल्ड्रन्स विलेज दिल्ली) |
| 18. | मातृछाया, पीरागढ़ी, दिल्ली |
| 19. | एसपीईसी, कोलकाता |
| 20. | आईएसआरसी, कोलकाता |
| 21. | तवारू धमार्थ न्यास (विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण), जिला हसन, कर्नाटक |

| क्र.सं. | मान्यताप्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण/विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण |
|---|---|
| 22. | कामधेनु सहकारी (शिशु केंद्र) (विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण) |
| 23. | अनाथ शिशु निवास (विशिष्ट दत्तक-ग्रहण अभिकरण), बैंगलूरु |
| 24. | सोसायटी ऑफ सिस्टर्स ऑफ चैरिटी (प्रीतिनिनालय), मान्यताप्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण, कर्नाटक |
| 25. | केनारा बैंक राहत कल्याण सोसायटी (मान्यताप्राप्त भारतीय स्थापन अभिकरण), बैंगलुरु, कर्नाटक |
| 26. | केरल राज्य बाल कल्याण परिषद, केरल |
| 27. | मिशन ऑफ चैरिटी, केरल |
| 28. | मिशनरीज ऑफ चैरिटी, सुंदरगढ़, ओडिशा |
| 29. | महीपात्रम, गुजरात |
| 30. | मिशनरीज ऑफ चैरिटी, गुजरात |
| 31. | बसुन्धरा, कटक, ओडिशा |
| 32. | चैन्नई, तमिलनाडु की एक दत्तक-ग्रहण एजेंसी |
| 33. | नावा याइफा सांगलेन (शिशुगृह), पश्चिमी इम्फाल |
| 34. | दिलीप नावा शंगलेन, पूर्वी इम्फाल |
| 35. | शिशु गृह, थाउबल, इम्फाल |
| 36. | आशीर्वाद दत्तक-ग्रहण केंद्र, नागपुर |
| 37. | विवेकानन्द बाल सदन, नागपुर |
| 38. | मातृ सेवा संघ, नागपुर |
| 39. | न्यू एनर्जी बहुउद्देशीय संस्था, नागपुर |
| 40. | वरदान, नागपुर |
| 41. | विश्व बाल कल्याण न्यास, नागपुर |
| 42. | पटेल बहुउद्देशीय शिक्षण संस्थान, नागपुर |
| 43. | श्रद्धानंद अनाथालय, नागपुर |
| 44. | राजकीय बाल शिशुगृह, देहरादून |

**अनुलग्नक : ग**

## वर्ष 2013-14 के दौरान केयररिंग्स पर आयोजित राज्य अभिविन्यास कार्यक्रमों और व्यवहारिक प्रशिक्षणों की सूची

| क्र. सं. | राज्य सरकार का नाम | तारीख | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश, बिहार | 10 जून, 2013 | 23 |
| 2. | मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब | 13 जून, 2013 | 51 |
| 3. | राजस्थान | 17 जून, 2013 | 40 |
| 4. | कर्नाटक | 29 जून, 2013 | 32 |
| 5. | गुजरात | 22 अगस्त, 2013 | 18 |
| 6. | गुजरात | 25 अक्तूबर, 2013 | 18 |
| 7. | कोची, केरल | 19 नवम्बर, 2013 | 29 |
| 8. | हैदराबाद | 20 जनवरी, 2014 | 62 |
| 9. | कोलकाता, पश्चिम बंगाल | 27 मार्च, 2014 | 52 |

| कार्यक्रम की प्रकृति | प्रतिभागिता का स्तर | आयोजन स्थल | तारीख |
|---|---|---|---|
| राज्य दत्तक-ग्रहण संसाधन अभिकरणों एवं राज्य सरकारों की राष्ट्रीय परामर्श बैठक (1) | राष्ट्रीय स्तर | दिल्ली | 05 अगस्त, 2013 |
| राज्य अभिविन्यास कार्यक्रम (11) राज्य का नाम | | | |
| झारखंड | राज्य स्तर | रांची | 31 मई, 2013 |
| पश्चिम बंगाल | राज्य स्तर | सिलीगुडी | 13 जून, 2013 |
| महाराष्ट्र | राज्य स्तर | पुणे | 7 जून, 2013 |
| कर्नाटक | राज्य स्तर | बैंगलुरु | 28 जून, 2013 |
| गुजरात | राज्य स्तर | गांधीनगर | 23 अगस्त, 2013 |
| बिहार | राज्य स्तर | पटना | 6 सितम्बर, 2013 |

| **कार्यक्रम की प्रकृति/राज्य** | **प्रतिभागिता का स्तर** | **आयोजन स्थल** | **तारीख** |
|---|---|---|---|
| गुजरात | राज्य स्तर | गांधीनगर | 24 अक्तूबर, 2013 |
| केरल | राज्य स्तर | कोची | 18 नवम्बर, 2013 |
| तमिलनाडु | राज्य स्तर | तिरिवल्लुर जिला | 26 नवम्बर, 2013 |
| हिमाचल प्रदेश | राज्य स्तर | शिमला | 23 दिसम्बर, 2013 |
| मणिपुर | राज्य स्तर | इम्फाल | 31 जनवरी, 2014 |
| असम | राज्य स्तर | गुवाहाटी | 18 फरवरी, 2014 |
| असम | राज्य स्तर | गुवाहाटी | 26 फरवरी, 2014 |
| पश्चिम बंगाल | राज्य स्तर | कोलकाता | 28 मार्च, 2014 |
| **भावी दत्तक माता-पिता के साथ अधिवेशन** | | | |
| i. पुदुच्चेरी | क्षेत्रीय स्तर | पुदुच्चेरी | 21 जून, 2013 |
| ii. कर्नाटक | क्षेत्रीय स्तर | बैंगलुरु | 28 जून, 2013 |
| iii. दिल्ली | क्षेत्रीय स्तर | दिल्ली | 16 दिसम्बर, 2013 |
| iv. कर्नाटक | क्षेत्रीय स्तर | बैंगलुरु | 17-18 नवम्बर, 2013 |
| v. पश्चिम बंगाल | क्षेत्रीय स्तर | कोलकाता | 28 मार्च, 2013 |

**अनुलग्नक : घ**

## दत्तक-ग्रहण के राज्य-वार आंकड़े

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2013 (अप्रैल, 2013 से मार्च, 2014) | |
|---|---|---|---|
| | | देश के भीतर | अंतरदेशीय |
| 1 | अंडमान | 4 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 272 | 15 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 0 | 0 |
| 4 | असम | 91 | 3 |
| 5 | बिहार | 56 | 0 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 28 | 0 |
| 7 | दिल्ली | 156 | 70 |
| 8 | गोवा | 10 | 0 |
| 9 | गुजरात | 138 | 10 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 11 | 0 |
| 11 | हरियाणा | 34 | 8 |
| 12 | झारखंड | 153 | 10 |
| 13 | कर्नाटक | 320 | 15 |
| 14 | केरल | 185 | 13 |
| 15 | मणिपुर | 5 | 0 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 176 | 3 |
| 17 | महाराष्ट्र | 1068 | 144 |
| 18 | मिजोरम | 14 | 2 |
| 19 | नागालैंड | 8 | 0 |
| 20 | ओडिशा | 182 | 26 |
| 21 | पुदुच्चेरी | 16 | 10 |
| 22 | पंजाब | 50 | 26 |
| 23 | राजस्थान | 182 | 5 |
| 24 | तमिलनाडु | 187 | 29 |
| 25 | त्रिपुरा | 24 | 0 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 176 | 0 |
| 27 | उत्तराखंड | 12 | 0 |
| 28 | पंश्चिम बंगाल | 366 | 33 |
| | परिवारिक दत्तक-ग्रहण | | 8 |
| | **कुल** | **3924** | **430** |

कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय व्यय) इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002

**Office of the Director General of Audit (Central Expenditure)**
**Indraprastha Estate, New Delhi - 110002**

सत्यमेव जयते

दूरभाष/Phone : 011-23454329 फैक्स/Fax : 23702271 ईमेल/Email : amg3hq@gmail.com

संख्या/No No. AMG-III/4-78/SAR/CARA/2014-15/1131 दिनांक/Date Dated : 05.11.2014

सेवा में,

सचिव, भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
शास्त्री भवन
नई दिल्ली

**विषय : वर्ष 2013-14 के लिए केन्द्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के लेखाओं पर पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन**

महोदय/महोदया

मैं केन्द्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2013-14 के प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति, उसके प्रतिवदेन तथा लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र की प्रति संसद के पटल पर रखने के लिये संलग्न करती हूँ।

संसद को प्रस्तुत कर दस्तावेज की दो प्रतियाँ उस तिथि को दर्शाते हुए, जब वे संसद को प्रस्तुत किए गए थे, इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के कार्यालय को भेजी जांए। कृपया यह सुनिश्चित करें कि पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले वार्षिक लेखाओं को शासी निकाय द्वारा अवश्य अनुमोदित करा लिया जाए।

**कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि वर्ष 2013-14 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन एवं लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र को संसद के पटल पर रखने से पहले वर्ष 2012-13 के तथा सभी पूर्व वर्षों के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन एवं लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र संसद के पटल पर प्रस्तुत किये जा चुके हों।**

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का हिन्दी अनुवाद एवं इसे जारी करने से संबंधित सभी कार्यों को आपके निकाय द्वारा किया जाना ही अपेक्षित है। पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का हिन्दी अनुवाद जारी करते समय निम्नलिखित अस्वीकरण (Disclaimer) अंकित करें :

''प्रस्तुत प्रतिवेदन मूल रूप से अंग्रेजी में लिखित पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का हिन्दी अनुवाद है। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित प्रतिवेदन मान्य होगा।''

भवदीया

अनुलगनक : यथोपरि

हस्ता/-

निदेशक (ए.एम.जी.III)

प्रतिलिपि :

श्री आशि कपूर, सचिव, केन्द्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, पश्चिमी खण्ड 8, विंग 2 तृतीय तल, रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली-110066 को लेखापरीक्षा प्रतिवेदन तथा लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र की प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित की जाती है। यह अनुरोध किया जाता है कि संसद को प्रस्तुत दस्तावेजों की दो प्रतियां उस तिथि को दर्शाते हुए जब वे संसद को प्रस्तुत किए गए थे इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यालय को भेजी जाएं।

कृपया यह सुनिश्चित करें कि पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले वार्षिक लेखाओं को शासी निकाय द्वारा अवश्य अनुमोदित करा लिया जाए। कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि वर्ष 2013-14 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन एवं लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र को संसद के पटल पर रखने से पहले वर्ष 2012-13 के तथा सभी पूर्व वर्षों के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन एवं लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र संसद पटल पर प्रस्तुत किये जा चुके हों। यह भी अनुरोध किया जाता है कि पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के हिन्दी अनुवाद की एक प्रति शीघ्र इस कार्यालय को भेजी जाएं।

अनुलग्नक : यथोपरि

निदेशक (ए.एम.जी.-III)

## 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण, नई दिल्ली के लेखों पर भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की अलग से लेखापरीक्षा रिपोर्ट

हमने नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियां और सेवा शर्ते) अधिनियम, 1971 की धारा 20 (1) के तहत केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण, नई दिल्ली (प्राधिकरण) के 31 मार्च, 2014 तक के संलग्न तुलन पत्र, उसी तारीख को समाप्त वर्ष के आय एवं व्यय लेखों और प्राप्ति एवं भुगतान लेखों की लेखापरीक्षा की है। लेखापरीक्षा को 2014-15 की अवधि का कार्य सौंपा गया है। यह वित्तीय विवरण तैयार करना प्राधिकरण के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर अपनी राय व्ययत करना है।

2. इस पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट में केवल वर्गीकरण, सर्वोत्तम लेखांकन पद्धतियों, लेखा मानकों और प्रकटीकरण प्रतिमानों आदि से अनुरूपता के संबंध में अपनाई गई लेखा नीतियों पर भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां दी गई हैं। विधि, नियमों और विनियमों (औचित्य और विनियमितता) तथा दक्षता - सह - निष्पादन पहलुओं आदि से अनुपालन के संबंध में वित्तीय लेन-देनों पर लेखापरीक्षा टिप्पणियां, यदि कोई हो, तो पृथक रूप से निरीक्षण रिपोर्ट/नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की लेखापरीक्षा रिपोर्टों के माध्यम से दी जाती है।

3. हमने अपनी लेखापरीक्षा भारत में सामान्यतया स्वीकृत लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार की है। इन मानकों में अपेक्षा की जाती है कि हम लेखापरीक्षा इस प्रकार आयोजित और संचालित करें जिससे यह मालूम हो सके कि वित्तीय विवरणों में कोई स्थूल गलत बयानी तो नहीं है। लेखापरीक्षा में, वित्तीय विवरणों की राशियों और प्रकटीकरण के पक्ष में दिए गए साक्ष्यों की जांच करना सम्मिलित है। लेखापरीक्षा में प्रबंधन द्वारा अपनाए गए लेखांकन सिद्धांतों और किए गए महत्वपूर्ण प्राक्कलनों का जायाजा लेना और वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन करना भी शामिल है। हमें विश्वास है कि हमारी लेखापरीक्षा हमारी व्यक्त राय को एक उचित आधार प्रदान करती है।

4. अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर हम रिपोर्ट देते हैं कि :

(i) हमने वह सभी जानकारियां और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ आवश्यक थे।

